अध्यापन प्रगति का लिया फीड़बैक

■ सहारा न्यूज ब्यूरो

देहरादून।

■ यूटीयू की ऑनलाइन बोर्ड ऑफ स्टडीज की बैठक

वीर माधो सिंह भंडारी उत्तराखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (यूटीयू) कीबोर्ड ऑफ स्टडीज की ऑनलाईन बैठक सम्बद्ध संस्थानों के निदेशकों व सभी पाठ्यक्रमों के बीओएस चेयरपर्सन व कन्वीनर्स के साथ कुलपति प्रो. ओंकार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में द्वितीय वर्ष से अंतिम वर्ष तक के सभी पाठ्यक्रमों को तैयार किए जाने के संबंध में चर्चा की गई।

बैठक के दौरान कुलपति द्वारा सभी संस्थानों के निदेशकों व बोर्ड आफ स्टडीज के समस्त चेयरपर्सन्स व कन्वीनर्स को इस अपेक्षा के साथ निर्देशित किया गया कि समयबद्ध रूप से सभी पाठ्यक्रमों के प्रथम वर्ष के अग्रेत्तर वर्षो (द्वितीय वर्ष से अंतिम वर्ष तक) के पाठ्यक्रमों का निर्माण नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत तैयार किया जाय।

उन्होंने कहा कि इस संबंध में सभी आवश्यक कार्यवाही करते हुए बीओएस की ऑफलाइन बैठक दिसम्बर के प्रथम सप्ताह में आयोजित की जायेगी ताकि पाठ्यक्रम निर्माण का कार्य दिसम्बर तक संपन्न किया जा सके।

वहीं कुलपति ने बैठक में संस्थान निदेशकों से वर्तमान में संचालित हो रही कक्षाओं में पठन-पाठन की समीक्षा कर अध्यापन प्रगति से संबंधित फीड़बैक प्राप्त करते हुए यह भी निर्देशित किया गया कि यदि सिलेबस पूरा करने के लिए अतिरिक्त कक्षाएं संचालित किए जाने की आवश्यकता हो तो निश्चित रूप से अतिरिक्त कक्षाएं भी संचालित की जाय ताकि समय पर सेमेस्टर परीक्षाएं करायी जा सके।

कुलपति प्रो.ओंकार सिंह ने संस्थानों को कहा कि प्रथम वर्ष के लिए निर्मित नये पाठ्यक्रम व ऑर्डिनेंसेज जो कि सभी संस्थानों में सत्र 2022-23 से लागू किया गया है, के बारे में छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से अवगत कराएं, ताकि छात्रों को नये पाठ्यक्रम और ऑर्डिनेंसेज में दिये गये नये नियमों की जानकारी हो और उसके अनुरूप अपनी पढ़ाई कर सकें।